Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय – 3 | श्यामचरण दुबे (उपभोक्तावाद की संस्कृति) QUIZ-01

1. "उपभोक्तावाद की संस्कृति" पाठ में किस जीवन दर्शन का वर्णन है?

A. सामंतवाद B. फासीवाद
C. उपभोक्तावाद D. आधुनिकता (C)

*व्याख्या :* पाठ में समाज में फैलते उपभोक्तावाद को प्रमुख जीवन दर्शन के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

2. "विलासिता की सामग्रियों से बाजार भरा पड़ा है" – यह पंक्ति किस पाठ की है?

A. ल्हासा की ओर B. साँवले सपनों की याद
C. प्रेमचंद के फटे जूते
D. उपभोक्तावाद की संस्कृति (D)

*व्याख्या :* यह पंक्ति उपभोक्तावाद की संस्कृति पाठ से ली गई है, जो बाजार की भोगवादी प्रवृत्ति को दर्शाती है।

3. "उपभोग – भोग ही सुख है।" – यह कथन किस पाठ का है?

A. दो बैलों की कथा B. मेरे बचपन के दिन
C. साँवले सपनों की याद
D. उपभोक्तावाद की संस्कृति (D)

*व्याख्या :* यह विचार पाठ में उपभोक्तावादी सोच को उजागर करने के लिए प्रस्तुत किया गया है।

4. पाठ के अनुसार, हमारी नई संस्कृति किस प्रकार की संस्कृति बन गई है?

A. अनुसरण की B. अनुकरण की
C. अनुचरण की D. करण की (B)

*व्याख्या :* लेखक ने नई संस्कृति को "अनुकरण की संस्कृति" बताया है, जहाँ लोग दूसरों की नकल करते हैं।

5. "उपभोक्ता संस्कृति हमारे समाज के लिए चुनौती है" – यह किसका कथन है?

A. जवाहरलाल नेहरू B. लालबहादुर शास्त्री
C. महात्मा गाँधी D. इंदिरा गाँधी (C)

*व्याख्या :* महात्मा गांधी उपभोक्तावादी जीवनशैली के खिलाफ थे और इसे समाज के लिए चुनौती मानते थे।

6. "उपभोक्तावाद की संस्कृति" पाठ किसकी गिरफ्त में आते समाज की बात करता है?

A. सुख B. आनंद
C. बाजार D. खुशी (C)

*व्याख्या :* लेखक ने बाजार को वह शक्ति बताया है, जो समाज को अपने नियंत्रण में ले रही है।

7. पश्चिम के सांस्कृतिक उपनिवेश बनने का तात्पर्य है-

A. पश्चिमी संस्कृति के विरोधी
B. पश्चिमी संस्कृति के पक्षधर
C पश्चिमी संस्कृति के गढ़
D. पश्चिमी संस्कृति के उत्पाद (C)

*व्याख्या :* हम सभी पश्चिमी संस्कृति के गढ़ बनते जा रहे हैं।

8. उपभोक्तावाद किस संस्कृति से जुड़ा माना गया है?

A. सामंती संस्कृति B. पाश्चात्य संस्कृति
C. अनुकरण की संस्कृति D. आधुनिकता की संस्कृति (B)

*व्याख्या :* उपभोक्तावाद पश्चिमी देशों से आया विचार है, इसलिए इसे पाश्चात्य संस्कृति से जोड़ा गया है।

9. पाठ के अनुसार, लोगों की दृष्टि में सुख क्या है?

A. मस्त रहना ही सुख है B. संयमित जीवन में सुख है
C. उपभोग–भोग ही सुख है D. प्रभु भक्ति में सुख है (C)

*व्याख्या :* लेखक ने बताया कि लोगों ने भौतिक वस्तुओं के उपभोग को ही सुख का स्रोत मान लिया है।

10. निम्न में से कौन-सी रचना श्यामाचरण दुबे की नहीं है?

A. मानव और संस्कृति B. संस्कृति तथ शिक्षा
C. समय और संस्कृति D. संस्कृति के चार अध्याय (D)

*व्याख्या :* "संस्कृति के चार अध्याय" रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना है, श्यामाचरण दुबे की नहीं।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App